सूचना और प्रसारण मंत्रालय

दूरदर्शन नौसेना बेड़ा समीक्षा का सीधा प्रसारण करेगा

Posted On: 20 FEB 2022 11:05AM by PIB Delhi

दूरदर्शन ने 21 फरवरी को भारतीय नौसेना बेड़े की राष्ट्रपति द्वारा समीक्षा किए जाने से संबंधित सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण कवरेज में से एक आरंभ करने के लिए कई नवोन्मेषण प्रस्तुत किए हैं।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 21 फरवरी, 2022 को विशाखापत्तनम में एक समारोहपूर्ण कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के बेड़े की समीक्षा करेंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय मर्चेंट मरीन के जहाजों सहित नौसेना के लगभग 60 जहाजों, नौसेना और तटरक्षक बल के वायुयानों की सहभागिता होगी। यह समीक्षा 'भारतीय नौसेना - राष्ट्र की सेवा में 75 वर्ष' की थीम के साथ स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का भी स्मरण करती है।

इस वर्ष राष्ट्रपति बेडे की समीक्षा के दूरदर्शन कवरेज में कई चीजें पहली बार की जाएंगी, जिनमें निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए भूमि एवं समुद्र से प्रसारण को सुव्यवस्थित करने के लिए विशेष लेंस के साथ ड्रोन सहित कम से कम 30 कैमरों के साथ भूमि और समुद्र पर मल्टी कैमरा सेटअप की विशाल श्रृंखला शामिल हैं।

बेडा समीक्षा के विभिन्न तत्वों में एंकरेज, मोबाइल कॉलम में स्टीम पास्ट, सेल का फ्लाई पास्ट और परेड, पोतों के बड़े कॉलमों का निर्माण आदि शामिल हैं। यह भूमि और समुद्र पर तैनात डीडी कैमरों द्वारा कैप्चर किया जाएगा।

दूरदर्शन तथा आकाशवाणी अक्टूबर 2021 से ही इस मेगा कवरेज की तैयारी कर रहे हैं। टीमों ने भूमि और समुद्र पर अंतिम तैनाती से पहले स्थल के आसपास व्यापक रेकी करते हुए व्यापक साइट सर्वेक्षण किया है।

मल्टी-कैमरा सेट अप में पहाड़ियों पर सुंदर विशेष वेंटेज, ऊंचे भवन तथा विशाखापत्तनम की तटरेखा की निकटता शामिल हैं। डीडी क्रू को लाइव विजुअल प्रदान करने के लिए ऐसे 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तैनात किया गया है। पूरा कवरेज हाई डेफिनिशन प्रारूप में होगा।

समुद्र के चुनौतीपूर्ण वातावरण से जूझते हुए, डीडी इंजीनियरों की टीम विविध और महत्वपूर्ण कैमरा पोजिशन की पहचान करने के द्वारा भारतीय नौसेना की पूरी शक्ति और कौशल को जीवंत करेगी। समारोह के दौरान राष्ट्रपति की नौका के लाइव शॉट्स उपलब्ध कराने के लिए 5 जहाजों पर डीडी क्रू की तैनाती की गई है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का निर्बाध लाइव प्रसारण सुनिश्चित करने के लिए समुद्र में ड्रोन, बैकपैक्स, वायरलेस, सिग्नल स्ट्रीमिंग और सैटेलाइट अपलिंक्स किए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति की नौका पर हाई डेफिनिशन कैमकोर्डर और पीटीजेड कैमरा तैनात किए गए हैं। दर्शकों के अनुभव में वृद्धि करने के लिए विशेष लेंस और अत्याधुनिक उच्च रिज़ॉल्यूशन वाले पीटीजेड कैमरे लगाए गए हैं।

आकाशवाणी विशाखापत्तनम में ग्रैंड स्टैंड मास्टर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह भव्य स्टैंड आरएफ, बैकपैक, डेटा लिंक तथा सैटेलाइट डाउन-लिंकिंग का उपयोग करके भूमि और समुद्र से सभी प्रकार का कैमरा स्रोत प्राप्त करेगा।

हाई डेफिनिशन विजुअल्स को पेशेवर कमेंटेटरों के ग्राफिक्स और बैटरी के माध्यम से और अधिक रोचक बनाया जाएगा, जो आकाशवाणी नियंत्रण कक्ष से हिंदी और अंग्रेजी में हर विवरण को विस्तार से बताएंगे।

लगभग 3 घंटे तक चलने वाला निर्बाध सीधा प्रसारण डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया तथा डीडी के कई क्षेत्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा, जो 21 फरवरी को सुबह 8.30 बजे से शुरू होकर कार्यक्रमों के अंत तक जारी रहेगा। पूरा कवरेज हमारे यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर लाइव-स्ट्रीमिंग के माध्यम से भी उपलब्ध होगा।

LIVE : Presidential Naval Fleet Review at Vishakhapatnam, Andh…

President's Naval Fleet Review 2022

****

एमजी/एएम/एसकेजे/एमएस

(Release ID: 1799814) Visitor Counter : 171

Read this release in: Telugu , English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Tamil